संख्या–cm-216
27/03/2023

# मुख्यमंत्री राहत कोष में विभिन्न बोर्ड/निगम द्वारा दी गई 130.53 करोड़ रूपये की सहायता राशि

- बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने 25 करोड़ रूपये, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड ने 15 करोड़ रूपये, बिहार राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम ने 12 करोड़ रूपये मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान दिया।

- मुख्यमंत्री ने इस सामाजिक पहल की सराहना की।

पटना, 27 मार्च 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को आज 1 अणे मार्ग स्थित 'लोक संवाद' में संबंधित विभागों के मंत्री एवं अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव ने 130.53 करोड़ रूपये की सहायता राशि चेक के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत कोष में सौंपी। बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने 25 करोड़ रूपये, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड ने 15 करोड़ रूपये, बिहार राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम ने 12 करोड़ रूपये, बिहार राज्य औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार 11 करोड़ रूपये, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड ने 10 करोड़ रूपये, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम ने 10 करोड़ रूपये, बिहार राज्य शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम ने 09 करोड़ रूपये, बिहार राज्य पथ विकास निगम 10 करोड़ रूपये, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम ने 05 करोड़ रूपये, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम ने 05 करोड़ रूपये, बिहार राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ ने 04 करोड़ रूपये, बिहार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड ने 02 करोड़ रूपये, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार ने 02 करोड़ रूपये, बिहार राज्य भंडार निगम ने 01 करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इस सामाजिक पहल की सराहना की और मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये सभी को धन्यवाद दिया एवं उन्हें अपनी शुभकामनायें दीं।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्यकर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, उद्योग मंत्री श्री समीर कुमार महासेठ, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, शिक्षा मंत्री श्री चन्द्रशेखर, सहकारिता मंत्री श्री सुरेन्द्र प्रसाद यादव, सूचना प्रावैधिकी मंत्री मो0 इसराईल, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री मो0 आफाक आलम, अपर मुख्य सचिव गृह श्री चैतन्य प्रसाद, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री प्रत्यय अमृत, अपर मुख्य सचिव शिक्षा श्री दीपक कुमार सिंह, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, अपर मुख्य सचिव नगर विकास एवं आवास श्री अरूणीश चावला, अपर मुख्य सचिव उद्योग श्री संदीप पौंड्रिक, प्रधान सचिव सूचना प्रावैधिकी श्री संतोष मल्ल, प्रधान सचिव ऊर्जा श्री संजीव हंस, सचिव ग्रामीण कार्य श्री पंकज कुमार पाल, सचिव सहकारिता श्रीमती बंदना प्रेयसी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार,

कॉम्फेड के प्रबंध निदेशक श्री अभय कुमार सिंह, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री विनय कुमार सहित विभिन्न बोर्ड/निगमों के प्रबंध निदेशक उपस्थित थे।

*******